This question paper contains 3 printed pages.

581 *आपका अनुक्रमांक* ____________

B.A. (Prog.) / III **B**

(T)

HINDI DISCIPLINE— Paper III (Option A)

हिन्दी अनुशासन — प्रश्नपत्र III (विकल्प क)

(भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा)

(प्रवेश वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए / NCWEB के विद्यार्थियों के लिये)

समय : 3 घण्टे *पूर्णांक : 75*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

टिप्पणी:— *प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक कॉलेजों (श्रेणी A) के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिये नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में, अधिक होंगे।*

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भाषा की परिभाषा देते हुए उसके अभिलक्षणों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

भाषा-विज्ञान का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी अध्ययन-पद्धतियों का उल्लेख कीजिए। 12

2. वाक्य-प्रकार के आधारों का उल्लेख करते हुए, संरचना की दृष्टि से वाक्य प्रकारों का विवेचन कीजिए।

अथवा

वाक्य-विज्ञान की परिभाषा देते हुए वाक्य के अंगों का परिचय दीजिए। 10

3. रूप-विज्ञान किसे कहते हैं? शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अर्थ-विज्ञान का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए अर्थ-परिवर्तन के कारणों पर प्रकाश डालिए। 10

4. हिन्दी भाषा का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए उसके भौगोलिक विस्तार पर प्रकाश डालिए।

अथवा

हिन्दी की प्रमुख बोलियों का परिचय दीजिए। 12

5. देवनागरी लिपि का परिचय देते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

देवनागरी लिपि के मानकीकरण के विषय में विचार व्यक्त कीजिए। 10

6. मानक हिन्दी के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

राष्ट्रभाषा और राजभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए। 10

7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए :

(*i*) शब्दों का वर्गीकरण

(*ii*) वाक्य की आवश्यकताएँ

(*iii*) भाषा और बोली में अंतर

(*iv*) स्वर और व्यंजन। 5,6